प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## किसान चौपाल का आयोजन

पंतनगर। 3 अक्टूबर 2025। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल द्वारा ग्राम प्रफुल्ल नगर कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र–गदरपुर में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया।

किसान चौपाल का उद्घाटन डा. बृजेश सिंह, प्राध्यापक पशुधन उत्पादन एवं प्रबन्ध विभाग द्वारा किया गया। उन्होंने सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। डा. बी.एन. शाही, प्राध्यापक, पशु प्रजनन विभाग द्वारा पशुओं में नस्ल सुधार एवं देशी नस्ल व प्रजनन सम्बन्धी जानकारी दी। डा. बृजेश सिंह ने पशु पोषण संबन्धित समस्याओं के समाधान के साथ–साथ पशु पालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने एवं पशुओं के साथ अंगी–अंगा का भाव रखने की सलाह दी गयी। किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण व धन्यवाद प्रस्ताव श्री शिवांशु तिवारी द्वारा किया गया। किसान चौपाल में कुल 44 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

